# न्यूज 12 भारत

डिजिटल मीडिया — सच्ची बात

Website : www.news12bharat.com



संस्करण : धनबाद | बुधवार 1 मई 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


# आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है भाजपा : बंधु तिर्की

## हाथ का बटन दबाकर नरेन्द्र मोदी को रिप्लेस करने की वरिष्ठ कांग्रेस नेता की हुंकार

(न्यूज12 भारत)

रांची : पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही सभी भाजपा नेता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मिलकर देश से आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है। श्री तिर्की ने कहा कि भाजपा की यह चाल बहुत अधिक खतरनाक है क्योंकि इसका सीधा-सीधा नुकसान आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यकों के साथ ही देश के सभी लोगों को उठाना पड़ेगा।



आज चान्हो के वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज के मैदान में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सुखदेव भगत के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि भारतीय संविधान में सभी लोगों को समान रूप से चुनाव में एक-एक मत देने का अधिकार दिया गया है और इस अधिकार का उपयोग करने की जिम्मेदारी हम सभी की है. उन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि 10 साल के मोदी सरकार के कुशासन को देखने के बाद जरूरत इस बात की है कि ईवीएम में हाथ का बटन दबाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रिप्लेस कर दिया जाये।

श्री तिर्की ने कहा कि कोई चाहे कितना भी कुछ कह ले लेकिन आज सच्चाई की कसौटी पर परखी हुई बात यही है कि गारंटी की बात केवल और केवल कांग्रेस करती है जबकि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरीके से जुमलाबाज पार्टी है। इस मामले में उन्होंने भाजपा के प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने और हर एक के खाते में 15 लाख जमा करने के वायदे की चर्चा करते हुए कहा कि अब स्थिति बहुत अधिक चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी वैसी परिस्थिति तैयार कर रहे हैं जब 2024 के बाद चुनाव ही नहीं होगा और अपना जन प्रतिनिधि चुनने का हमारा वह हक हमसे छीन लिया जायेगा जो भारतीय संविधान में हमें दिया गया है। श्री तिर्की ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ ही अपने जीवन, अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, उनके अच्छे भविष्य, आवास, राशन आदि का एकमात्र उपाय केवल यही है कि एक-एक व्यक्ति 13 मई को मतदान करे और कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत की जीत सुनिश्चित करे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने लोगों से आह्वान किया कि वह बिना किसी के बहकावे और प्रलोभन के सिर्फ सच के पक्ष में अपना मतदान करें और आज कांग्रेस ही वैसी पार्टी है जो केवल मुद्दों की बात कर चुनाव लड़ रही है.

शेष पेज - 3 पर

## एक नजर

### मेडीवर्स हास्पिटल के डा पुत्री ने किया नाम रोशन

(न्यूज12 भारत)




गया।गया के आ इ भी ए फ सपस्शेलिष्ट डा तेजस्वी नंदन एवं बच्चों के मशहूर डा मंजुल विजय की बेटी मानवीका विजय ने झान भारती वर्ल्ड स्कूल में कक्षा एक मे अपने स्कूल में अच्छा प्रदर्शन किया और मा पिता का नाम रोशन किया है इनके खबर आते ही लोगों ने डा तेजस्वी नंदन एवं डा मंजुल विजय को बधाई दिए जिसमें धीरज,राहुल रंजन और मेडीवर्स हास्पिटल के प्रबंधक एवं सभी डा एवं स्टाफ ने शुभकामनाएं दीए है

### भाजपा प्रत्याशी दुल्लू महतो को विजय बनाने को लेकर निकाली रैली



(न्यूज12 भारत)

धनबाद: धनबाद संसदीय क्षेत्र से चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी के रूप में ढुल्लू महतो ने मंगलवार को अपना नामांकन किया। इस दौरान धनबाद लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों से भाजपा कार्यकर्ता रैली के साथ समाहरणालय भवन पहुंचे। मनईटांड़ गोल बिल्डिंग के समक्ष बैंक कॉलोनी से रवि सोनी के नेतृत्व में उनके समर्थक भी वहां पहुंचे तथा यह संकल्प लिया की ढुल्लू महतो को जीत दिलाकर उन्हें दिल्ली भेजा जाएगा।इसके लिए वह प्रतिदिन सुबह कार्यकर्ताओं के साथ लोगों के घर-घर जाकर ढुल्लू महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। ढुल्लू महतो के प्रति वोट करने के लिए तैयार भी कर चुके हैं। इसमें मार्गदर्शन के तौर पर भुटका यादव का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मौके पर रिंकू सोनी, विकेश भगत, सोनू सिंह, राहुल कुशवाहा, राकेश सिंह, गोलू कुमार तथा रोहित कुमार आदि मौजूद थें।

### सुनैना किन्नर के नामांकन में 3 मई को शामिल होंगी कौशल्यानंद गिरी किन्नर

(न्यूज12 भारत)



धनबाद: लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर धनबाद संसदीय क्षेत्र से एकमात्र प्रत्याशी सुनैना किन्नर आगामी 3 मई को नामांकन करेगी। उन्होंने अपना नामांकन पत्र भी ले लिया है और आगामी 3 मई वह नामांकन करेगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है की कई प्रत्याशी आला कमान के द्वारा उनके नामांकन के दौरान बड़े नेताओं के साथ बुलाया जाता है परंतु धनबाद से लोकसभा प्रत्याशी सुनैना किन्नर जिसके नामांकन के दिन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश की राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य व किन्नर अखाड़ा सनातन महामंदेश्वर एवं प्रयागराज नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर कौशल्या नंद गिरी किन्नर भाग लेगी। उनकी तैयारी किन्नर समाज जोरों से कर रही है। यह धनबाद के लिए एक बहुत बड़ी बात है कि झारखंड में पहली बार और धनबाद लोकसभा से कोई किन्नर समाज चुनाव लड़ रही है और उनके नामांकन के दौरान बंगाल और उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों से केंद्र समाज के लोग के लावे कई सामाजिक संस्था के लोग भी शामिल होंगे।

# वादाखिलाफी का चोला ओढ़कर जनता को ठगने भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने का वक्त आ गया है- रविन्द्र चौबे

(न्यूज12 भारत)

दुर्ग। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व कृषि मंत्री रवींद्र चौबे की मौजूदगी में साजा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों का जनसभा के माध्यम से सघन जनसंपर्क किया इस दौरान उन्हें ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिल रहा है उनका काफिला जिस जिस ग्राम पंचायतों में पहुंचा तो उनका भव्य आतिशबाजी के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत सहसपुर से चुनाव प्रचार की शुरुआत की



गई। सहसपुर ग्राम पंचायत में आहूत जनसभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व कृषि क्षेत्र रविन्द्र चौबे ने कहा कि लोकसभा का चुनाव चल रहा है सात मई को को मतदान करना है मतदान सोच समझकर करे क्योंकि यह चुनाव चुनावी घोषणापत्र में शामिल योजनाओं को पूरी तरह पूरी करने वाली कांग्रेस पार्टी और वादाखिलाफी का चोला ओढ़कर जनता को ठगने वाली भारतीय जनता पार्टी के बीच है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा झूट का पुलिंदा जनता जनार्दन को पकड़ाया है। जब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की अगुवाई वाली सरकार थी तब सरकार बनने के दो घण्टे के बाद ही किसानों का कर्जा माफ किया है आज वर्तमान सरकार ने किसानों का कर्जा माफ नहीं किया बल्कि देश के उद्योगपतियों का सोलह लाख करोड़ रुपये का कर्जा माफ करने का दुस्साहस किया है । भारतीय जनता पार्टी ने गरीबों को मिलने वाले राशन में भारी कटौती की है जब कांग्रेस की सरकार थी तब तीन सदस्यीय परिवार को 35किलो चावल दे रही थी भाजपा की सरकार ने भारी कटौती करते हुए तीन सदस्यीय परिवार को पन्द्रह किलो को चावल देगी यह गरीबों के साथ घोर अन्याय है

शेष पेज - 3 पर

# अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द सफाई कराएं नगर आयुक्त

(न्यूज12 भारत)

गया। बरसात के मोसम को ध्यान में रखते हुए गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम क्षेत्र के नाला,नाली की 2024 की सफाई मिशन मोड में प्रारंभ कराई गई है।

इस क्रम में आज दिनांक 29 को अभिलाषा शर्मा नगर आयुक्त गया नगर निगम द्वारा गया नगर निगम क्षेत्र में किए जा रहे नाला,नाली सफाई का स्थल निरीक्षण किया गया है।

गया नगर निगम क्षेत्र में बड़े नालों एवं वार्ड के मध्यम एवं छोटे नालियों की सफाई युद्ध स्तर पार्क प्रारंभ कराई गई है। बड़े नालों बॉटम, नदरागंज, इकबाल नगर , मनसर्वा नालों इत्यादि।में सफाई कार्य चल रहा है। इकबाल नगर एवं



बॉटम नाला में निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया गया की और अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द सफाई कराएं एवं जिस नाला में जहां पर मशीन से सफाई हो सकता है वहां मशीन से सफाई कराना सुनिश्चित करें। डिसिल्टिंग मशीन, अन्य मशीन से नाला एवं भूगर्भ नाला की सफाई कराई जा रही है।

इस निरीक्षण के क्रम में क्रेन स्कूल नाला, अलीगंज नाला, अनुग्रह कॉलेज के पास नाला, कन्या पाठशाला रोड नाली, वार्ड नं 14, 20 के नालियों का भी निरीक्षण किया गया है।

शेष पेज - 3 पर

# यशस्विनी के सौम्य व सरल स्वभाव से प्रभावित हो रहे रांची के लोग

- युवा वर्ग की चहेती बनती जा रही हैं कांग्रेसी प्रत्याशी

(न्यूज12 भारत)

रांची: रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की युवा प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के सौम्य व सरल स्वभाव से रांची के लोग प्रभावित हो रहे हैं । वे रांची के प्रत्येक वर्ग के साथ मेलजोल कर संवाद स्थापित कर रही हैं साथ ही साथ लोगों से अपने पक्ष में वोट देने की अपील भी कर रही हैं। खास कर युवा वर्ग की चहेती बनती जा रही हैं कांग्रेसी प्रत्याशी। सिर्फ चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि रांची में एक व्यापक बदलाव लाने और जनकल्याण के लिए लोगों से मतदान करने की अपील कर रही हैं। उनकी अपील में एक



जोश और जुनून का समावेश है। बोलचार में कोई द्वेष की भावना नहीं बल्कि चहुमुंखी विकास की कामना है। जहां बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त कर रही हैं, बुद्धिजीवी वर्गों के साथ संवाद स्थापित कर रही हैं, वहीं युवाओं एवं महिलाओं में आगे बढ़ने का जज्बा जगा रही हैं। पिता से राजनीतिक विरासत मिलने के कारण वह सामाजिक क्षेत्र में किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। राजनीति की पहिया को कैसे घुमाना है, इससे वे अनभिज्ञ भी नहीं हैं। झारखंड की राजधानी रांची के सियासी गलियारों में यशस्विनी सहाय आते ही छा गई हैं।

पोस्को एक्ट की जानकारी रखने वाली विधि की छात्रा रही यशस्विनी युवाओं के लिए अवसर के द्वार खोलना चाहती हैं। अपनी सांस्कृतिक विरासत की मूल्य को स्थापित करना चाहती हैं।

### झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और अंतु तिर्की के बीच व्हाट्सएप चैट पर भाजपा ने किया बड़ा हमला

# झारखंड को लूटने में झारखंड सरकार और झामुमो दोनों शामिल

- मुख्यमंत्री जी स्पष्ट करें,जमीन दलालों का उनकी पार्टी एवं सरकार के बीच का रिश्ता क्या कहलाता है? : प्रतुल शाह देव
- हर शाख पर भ्रष्टाचार बैठा है, अंजामें झारखंड क्या होगा?

(न्यूज12 भारत)

रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने आज मारू टावर स्थित मीडिया सेंटर में झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का हाथ जमीन दलालों के साथ है। प्रतुल ने कहा कि पीएमएलए कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों ने स्पष्ट कर दिया है कि झामुमो नेता अंतू तिर्की ,सद्दाम हुसैन, अफसर अली समेत तमाम लोगों ने यह स्वीकार लिया है कि हेमंत सोरेन की 8.86 एकड़ जमीन के फर्जी कागजात को उन्हीं लोगों ने तैयार किया था। प्रतुल ने कहा की इन अभियुक्तों ने यह भी स्वीकार किया है कि वे ट्रांसफर पोस्टिंग और जमीन के फर्जीवाड़ा का बहुत बड़ा रैकेट चलाते हैं।प्रतुल ने कहा जमीन लुट घोटाला अरबों रुपए का हो सकता है।झारखंड की ऐसी स्थिति हो गई है कि देखकर लगता है हर शाख पर भ्रष्टाचार बैठा है,अंजामें झारखंड क्या होगा?

प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रिया




भट्टाचार्य और अंतू तिर्की के बीच का व्हाट्सएप चैट से बहुत चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। इस चैट से स्पष्ट है कि अंतू तिर्की जो जमीन की गोरख धंधे में लिप्त था,वह सुप्रियो भट्टाचार्य से डीसीएलआर, खूँटी के पद पर कार्यरत प्रवीण मुंडा की पोस्टिंग रांची में जिला लैंड एक्विजिशन अफसर के रूप में करने की पैरवी कर रहा था ।दलालों को यह भी पता था की फाइल सीएम हाउस तक पहुंच गई ।प्रतुल ने कहा कि सीएम हाउस के भीतर की बातें कैसे लीक हो गई और सुप्रियो भट्टाचार्य ने अंतू तिर्की के द्वारा इस बात को बताने पर एफआईआर क्यों नहीं किया? क्या यह ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट एवम गोपनीयता का उल्लंघन नहीं है?प्रतुल ने कहा कि दस्तावेजों से स्पष्ट है कि कमीशन लेकर अंतू तिर्की अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग कराता था। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा को महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के तर्ज पर एक 'ट्रांसफर पोस्टिंग मोर्चा' भी खोल लेना चाहिए।

प्रतुल ने कहा कि जमीन के गोरख धंधे से जुड़े दलाल तक फाइल की जानकारी पहुंचना दिखाता है कि या तो सीएमओ भी मिला हुआ था या फिर इन दलालों की सीएमओ तक पकड़ थी।प्रतुल ने कहा कि सुप्रिया भट्टाचार्य ने गलत बयानी करके हेमंत सोरेन का कई बार बचाव किया। नवीनतम बचाव था जब हेमंत सोरेन के दिल्ली वाले घर से 36 लाख रुपए बरामद गए थे। उस समय सुप्रिया भट्टाचार्य ने कहा था कि यह पैसा ईडी ने प्लांट किया है। बाद में हेमंत ने उच्च न्यायालय में अपनी याचिका में स्पष्ट किया किया पैसा उन्हें पार्टी फंड से माता-पिता के इलाज के लिए मिला था।

न्यूज 12 भारत सच्ची बात

Website : www.news12bharat.com

बुधवार, 1 - मई - 2024

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में किया जोरदार स्वागत

(न्यूज12 भारत)

धनबाद:भाजपा के सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन के बाद रोड शो के दरमियान भाजपा कार्यकर्ता संघ ठाकुर कुल्ही एवं राहरगोरा निवासियों ने चंचनी मोड़, धैया रोड पर माननीय सांसद प्रत्याशी ढुल्लू महतो का भव्य स्वागत पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बरटांड मंडल उपाध्यक्ष मनोज सिंह के द्वारा किया गया।





इस स्वागत समारोह में अजीत पोद्दार, अजय चौबे,मदन मोहन सिंह, सत्यम सिंह,भोलानाथ पांडे, निमाई दा,संतोष रजक, दुर्गा सिंह, रंजीत जायसवाल, अप्पू चौरसिया, अनिल सिंह,गणेश सिंह, विक्रम, कार्तिक, सन्नी, टीटू , प्रकाश चौहान, मोहन,सुभम, जीतू राणा, रीता देवी, वीना देवी, लक्ष्मी देवी, नीतू कुमारी, मीनू विश्वकर्मा एवं भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# बाल विवाह के बहिष्कार करने आगे बढे जनता - विकास

## '251 कन्या के होने वाली सामूहिक विवाह में लोग शामिल होकर होने वाले फिजुल के खर्च को बचाए'

(न्यूज12 भारत)

गया । पलामू जिला के हरिहरगंज के मोतीराज महिला कॉलेज में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के बैनर तले जागरूकता अभियान सह सम्मान समरोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के सचिव विकास कुमार माली व डॉ नरेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने किया है।

इस अवसर पर संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा की अगामी दिसंबर माह में अयोजित जिले में 251 कन्या के होने वाली सामूहिक विवाह में लोग शामिल होकर होने वाले फिजुल के खर्च को




बचाए। साथ ही उन्होंने कहा कि लोग अपने पुत्री या पुत्र का बाल विवाह न कराए। बाल विवाह करने के कारण ही आज गांव से लेकर शहर तक की महिलाएं पड़ताड़ना का दश झेल रही है। अगर बाल विवाह ना हो तो महिला प्रताड़ना से हमारी बहन बेटी बचेगी। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि कन्या विवाह और विकास सोसायटी समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़कर काम कर रहा है। अगर किसी भी गरीब असहाय की पुत्री के अभिभावक जो अपने पुत्री का विवाह करने में असमर्थ हैं। वह कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के कार्यालय में पहुंचकर संपर्क कर सकते हैं। सोसाइटी उनकी पुत्री का विवाह में होने वाले खर्च को उठाकर उनका विवाह कराएगा। साथ ही साथ विवाह के बाद मिलने वाले घरेलू उपकरण के उपयोगी सामग्री को भी विदाई स्वरूप देगा। डॉ नरेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने कहा कि संस्था बाल विवाह दहेज प्रथा महिला प्रताड़ना जैसे अभियान को लेकर चल रहा है।

लोगों को सहयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संस्था के सचिव का यह कार्यक्रम लोगों के हित के लिए है। लोग आगे बढ़कर इसमें हिस्सा ले ताकि बाल विवाह को पूरी तरह से रोका जा सके। उन्होने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह दहेज प्रथा को समाप्त करना है। संस्था अपनी उद्देश्य को लेकर जमीनी स्तर पर कार्य कर रहा है। लोगों का अगर सहयोग रहा तो आने वाले समय में बाल विवाह दहेज प्रथा भ्रूण हत्या पूरी तरह से समाप्त हो सकता है।

इस अवसर पर जिला राजीव रंजन मेहता, फंटूश गुप्ता, पवन यादव, के के रवि, रंजीत प्रसाद, अभिषेक सजन, प्रबंधक गढ़वा अयूब खान, कोषाध्यक्ष ऊषा कुमारी, संस्था के जन सम्पर्क अधिकारी आकाश दीप भारती, सद्दाम अंसारी, टिंकू तिवारी, रिंकू खान, अमजद खान, कृष्णा कुमार आदि उपस्थित थे।

# हरि ओम सेवा संस्था के संस्थापक सदस्य विनोद सिंह लगातार गरीब लड़की के शादी में बढ़ चढ़कर मदद कर रहे है –शीतल दत्ता

(न्यूज12 भारत)

बलियापुर –हर एक परिस्थिति में जरूरतमंद लोगों के मदद के लिए विनोद सिंह अपने क्षमता अनुसार लगातार सहयोग कर रहे है चाहे किसी गरीब लड़की के शादी हो या किसी जरूरतमंद को रक्त की जरूरत हो या गरीब छोटे बच्चों को अस्पताल में मदद पहुंचाने का काम हो।

इस तरह के सभी मानव धर्म कार्य में हरिओम सेवा संस्था तथा उनके सदस्यों के द्वारा लगातार काम करने का प्रयास जारी हैं आपको बता दे की चांदमारी के मांझी बस्ती में एक अत्यंत गरीब लड़की के शादी में हरिओम सेवा संस्था के विनोद सिंह के द्वारा 5000 सहयोग राशि और कुछ सुखा राशन देकर मदद



किया और लड़की के सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिए और अपना मानव धर्म निभाएं। इसके लिए संस्था के मीडिया प्रभारी शीतल दत्ता ,संस्थापक सदस्य प्रेमांशु पाल ,प्रभास पाल, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य ,राणा प्रताप सिंह, सचिव हारु बावरी , राजा सिंह, बबलू बावरी,संजय रावत,अध्यक्ष डॉक्टर स्वरूप चौधरी ,सक्रिय सदस्य शंकर दास, दिलीप चौहान, अभय दीक्षित ,अमित सोंडा ,अमित बनर्जी ,मुकेश, दिनेश ,अनिल ,आमोद ,चंदन रंजीत महतो पिंटू ,रंजीत, विजय, अविनाश महतो, संचिता सहा आदि ने ढेर सारी शुभकामनाएं और बहुत सारा बधाई दिए।

# भारत की तरफ आंख उठाकर देखने का साहस किसी के पास नहीं : गजेंद्र सिंह शेखावत

## भारत आर्थिक, सामरिक दृष्टि और तकनीकी रूप से ताकतवर हो रहा

- एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को भारी मतों से विजय बनाने की अपील

(न्यूज12 भारत)

रांची /जमशेदपुर: केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय आदिवासी कल्याण सह केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा जमशेदपुर में एनडीए प्रत्याशी विद्युत वरण महतो के नामांकन में शामिल हुए। इस अवसर पर साकची में आयोजित विशाल जनसभा को उन्होंने संबोधित किया।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले 10 साल से नरेंद्र मोदी की सरकार काम कर रही है। इससे पहले यूपीए की सरकार मनमोहन सिंह के नेतृत्व में काम कर रही थी। यूपीए की सरकार के समय दो ही समाचार अखबार और टेलीविजन में आया करते थे। एक घोटाले का और दूसरा बम धमाके का। घोटाले ल्के चलते देश के बैंकों की हालत खराब थी। कच्चा तेल खरीदने का पैसा नहीं था। हमारे मंदिरों पर धमाके होते थे। एक दिन जम्मू के भगवान रघुनाथ के मंदिर पर धमाका होता था, तो दूसरे दिन तमिलनाडु में देवी मंदिर पर धमाका होता था कभी गुजरात के अक्षर मंदिर में आतंकवादी हमला होता था, तो जयपुर में हनुमान मंदिर पर हमला होता था। इसके अलावा देश की आर्थिक गतिविधि के जितने केंद्र थे, वहां धमाके होते थे। हालात इतने बिगड़े हुए थे कि घर से जो व्यक्ति बाहर निकलता था, उसकी मां या पत्नी भगवान से प्रार्थना करती थी कि वह शाम को सही सलामत लौट आए। देश की सीमाएं असुरक्षित थी। देश के जवानों की गर्दन काट कर पाकिस्तान ले जाते थे। देश में इतनी कमजोर सरकार थी कि प्रतिकार नहीं कर पाती थी। बाहर निकलकर सिर्फ



संवेदना के दो शब्द बोलती थी। चीन लगातार हमारे सीमा पर अतिक्रमण कर रहा था, लेकिन भारत की सेना के हाथ बंधे हुए थे। उन्हें छूट नहीं थी। देश हर मोर्चे पर विफल हो रहा था। बाहर भारत के कमजोर देशों की पहचान बन गई थी।

उन्होंने कहा कि जनता ने 2014 में प्रचंड बहुमत से नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद दिया। नरेंद्र मोदी ने गरीब, महिला, किसान सबके लिए काम करने का संकल्प लिया। इसके जीवन को ऊपर उठाने का संकल्प लिया। भारत को शक्तिशाली देश बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया। पिछले 10 साल में देश में करोड़ों गरीबों को घर मिला। गरीबों के घर तक गैस का चूल्हा पहुंचा। करोड़ घरों तक बिजली पहुंची। करोड़ों घर में शौचालय बनाए गए। 40 करोड लोगों के घर तक बैंक का खाता पहुंचा। 25 करोड़ लोग गरीब रेखा से बाहर आ गए। हमारी सीमाएं भी सुरक्षित हुई है। भारत की तरफ आंख उठाकर देखने का साहस किसी के पास नहीं है। नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद मात्र दो आतंकवादी घटना हुई। इसका भी दुश्मन के घर में घुसकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करारा जवाब दिया। पिछले 5 साल में एक भी बड़ी आतंकवादी घटना देश में नहीं हुई है। पहले देश में आतंकी घटना होती थी तो हम निंदा प्रस्ताव पास करते थे। यूएनओ में जाकर इसमें हस्तक्षेप की गुहार लगाते थे। आज पूरी दुनिया इस बात को मानती है कि यूक्रेन और रूस की युद्ध को कोई मिटा सकता है तो उस व्यक्ति का नाम नरेंद्र मोदी है। यूक्रेन और रूस के युद्ध में देश के 27 हजार छात्र फंस गए थे। उसे सही सलामत देश में लाया गया। तिरंगे को पड़कर पाकिस्तान के बच्चे भी वहां से वापस आए। एक तरफ गरीब के जीवन परिवर्तन आया, तो दूसरे तरफ देश का सामर्थ्य बढ़ा है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बहुत निवेश हो रहा है। पिछले 1 साल में एक लाख करोड़ रुपए का आई फोन निर्यात किया गया है। आज हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल बनाने वाले देश बन गया है। भारत दुनिया का तेजी से आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर। है भारत आर्थिक, सामरिक दृष्टि और तकनीकी रूप से ताकतवर हो रहा है।

### सिर्फ राम मंदिर ही नहीं बना है, रामराज्य की तरफ अग्रसर हैं : अर्जुन मुंडा

केंद्रीय आदिवासी कल्याण सह कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विचारों के साथ लंबी यात्रा पूरी करते हुए ऐसे राजनीतिक मुकाम पर पहुंची है, जिससे सभी लोग गद गद हैं।

उन्होंने कहा कि सिर्फ राम मंदिर ही नहीं बना है रामराज्य की तरफ अग्रसर हैं। हमने विकसित, समृद्ध और मजबूत भारत मनाने का संकल्प लिया है। भारत विश्व का नेतृत्व करेगा, यह ताकत पैदा करते हुए हम आगे बढ़ रहे हैं। आज यह स्थिति दिख रही है। विपक्ष जनता को इस्तेमाल कर सरकार बनाई, उसने कभी देश के विकास का काम नहीं किया। गरीब को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करने का काम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा है। जनजातीय विकास की कई योजनाओं पर तेजी से कम हो रहा है किसने के विकास का काम भी बेहतर तरीके से किया जा रहा है। विपक्ष संविधान को कपड़ा समझती है। झूठ की राजनीति करती है। वह दुष्प्रचार कर रही है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार में आएगी तो संविधान बदल देगी। अब उसके चरित्र का पर्दाफाश हो गया है। उन्होंने कहा कि भूत की तो लोकसभा जीतो इस संकल्प के साथ कार्यकर्ता काम में लग जाए। भारतीय जनता पार्टी अपने पुरुषार्थ के बल पर जमशेदपुर में कमल खिलाने का काम करेगी।

### 400 पार में झारखंड की 14 सीटें भी शामिल होंगी : विद्युत वरण महतो

प्रत्याशी विद्युत वरण महतो कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर वर्ग की चिंता की। गरीबों को हर महीने मुक्त राशन दे रहे हैं। जमशेदपुर से भी लाखों लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ भी मिला है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा है। अंतिम व्यक्ति से विकास की शुरुआत की। इस बार 400 पार में झारखंड के सभी 14 सीट भी शामिल होंगे। यह कार्यकर्ता के बदौलत संभव होगा।

# आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन



(न्यूज12 भारत)

धनबाद। गोविंदपुर वस्तु विहार में आजसू पार्टी कार्यालय का उद्घाटन आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने किया। इस मौके पर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुविधा के लिए जिला कर्यालय का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इस कार्यालय स्थायी कर दिया जाएगा । इस मौके पर गिरिडीह लोकसभा प्रत्याशी चंद्र प्रकाश सिंह चौधरी, उमाकांत रजक, मंटू महतो गिरधारी महतो, विनय सिंह, पप्पू सफीक आलम अवधेश यादव सुनील शर्मा रतीलाल महतो सुरेश बावड़ी सभी उपस्थित थे।

# दुर्ग लोकसभा के एक दिवसीय दौरे पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी मो गुलाब, सहप्रभारी रंजीत सिंह बेदी और प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन

- कार्यकर्ताओ की लेंगे बैठक,,
- दिलाएंगे कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को जीत दिलाने का संकल्प

(न्यूज12 भारत)



भिलाई:- छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद गुलाब और सह प्रभारी रंजीत सिंह बेदी और छः ग के प्रदेश अध्यक्ष अमीन मेमन आज अपने एक दिवसीय दौरे पर भिलाई आ रहे है,,वे होटल हेरिटेज सुपेला में शाम 5 बजे कार्यकर्ताओ की बैठक लेंगे,,वही दुर्ग लोकसभा के कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी राजेन्द्र साहू को जिताने जरूरी दिशा निर्देश भी कार्यकर्ताओ को देंगे,,वही सिख समाज,मुस्लिम समाज,ईसाई समाज,जैन समाज समेत अल्पसंख्यक में आने वाले समुदाय के प्रमुखों के साथ भी बैठक कर लोकसभा प्रत्याशी राजेन्द्र साहू के पक्ष में वोट देकर संविधान को बचाने की अपील भी करेंगे.

# भाजपा कार्यसमिति के सदस्य संजय सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा चलाये जा रहे 'आ अब लौट चलें' के तहत

(न्यूज12 भारत)

रांची : झारख्ंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा चलाये जा रहे "आ अब लौट चले' के तहत भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मृत्युंजय शर्मा, जिला परिषद के पूर्व सदस्य संजय सिंह एवं उनके साथ भाजपा के मंडल महामंत्री सहित सैड़को कार्यकर्ताओं ने आज कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने माला और कांग्रेस का पट्टा पहनाकर स्वागत किया और कहा कि राहुल गांधी के प्रति जिस प्रकार युवाओं का रूक्षान बढ़ा है यह उसी का परिणाम है कि युवाओं को कांग्रेस के पांच न्याय और 25 गारंटी पर भरोसा हो रहा है और देश के प्रधानमंत्री के झूठ और प्रपंच से लोग अब उब चुके है और कांग्रेस की और अपना रूख कर रहे है हम तमाम लोगों का हम कांग्रेस परिवार में स्वागत




और हार्दिक अभिनंदन करते हैं। इस अवसर पर डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन काफी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है। ऐसे समय में पुराने साथियों का कांग्रेस में शामिल होना पार्टी को काफी मजबूती मिलेगी और राज्य के 14 लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित होगी।

कांग्रेस के सदस्यता ग्रहण के उपरांत मृत्युंजय शर्मा ने कहा कि भाजपा अब सिर्फ जनता को छलने और ठगने का काम कर रहे है। भ्रष्टाचार पर दुहाई देने वाली भाजपा अब पूरी तरह भ्रष्टाचारियों को सम्मान दिया जा रहा है। महंगाई से जनता ऊब चुकी है, देश के प्रधानमंत्री सिर्फ झूठ और प्रपंच रच रहे है और यही कारण है कि भाजपा में दम घुट रहा है और राहुल गांधी जी के न्याय यात्रा से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया हूं।

पूर्व जिला परिषद सदस्य संजय सिंह ने कहा कि राजेश ठाकुर के नेतृत्व मजबूत है, इनके नेतृत्व कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान बढ़ रहा है यही कारण है कि हम अपनी सारी नाराजगी छोड पुनः कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किये है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से गोतम कुमार शर्मा, मंडल महामंत्री, हीरा लाल शर्मा, कोषाध्यक्ष मंडल, दिनबन्धु महतो जिला कार्यकारी, कैलाश शर्मा मंडल महामंत्री युवा, अक्षय माहथा मंडल मंत्री, जीमुत वाहन महतो जिला मंत्री, विश्वजीत बनर्जी जिला कार्यकारा, सौरभ कुमार, शक्ति केन्द्र अध्यक्ष, अभिषेक कुमार, राकेश महतो, गुहीराम, नरेश महतो, गंगाधर कर, दुर्गा केवट, संतोष बाउरी, सुकदेव हंसदा, दीपक सिंह, रूपेश ठाकुर सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

# नरेंद्र मोदी की सरकार में योजनाओं में कट मनी नहीं लगती, पूरा पैसा खाते में आता है : भजन लाल शर्मा

- विपक्ष भगवान राम को काल्पनिक बताता है
- कश्मीर में धारा 370 हटाने पर एक कंकड़ भी नहीं चला
- धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की अपील



(न्यूज़12 भारत)

रांची /धनबाद: राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 30 अप्रैल को धनबाद के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन में शामिल हुए। उन्होंने धनबाद में आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित किया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 2014 के बाद इस देश के भीतर बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ है। 2014 से पहले देश की स्थिति सभी ने देखी होगी। भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार होते थे। भ्रष्टाचार भी ऐसे होते थे कि उसे गिना नहीं जा सकता था। 2014 से पहले देश के भीड़ भाड़ वाले इलाकों में आतंकवादी बम फोड़ कर चले जाते थे। सरहद से सैनिकों का सिर काट कर ले जाते थे। वर्ष 2014 के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है।

उन्होंने कहा कि पहले गरीबों का कोई बैंक खाता नहीं होता था। गरीब बैंक की चौखट पर भी पैर नहीं रख सकता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका खाता बैंक में खुलवाकर कट मनी पर अंकुश लगाया। झारखंड में कट मनी ज्यादा चलती थी। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री कहते थे कि हम ₹1 भेजते हैं, गांव तक जाते-जाते 15 पैसे पहुंचता था। आज प्रधानमंत्री ₹100 डालते हैं, तो खाते में पूरे पूरे पैसे आते हैं। किसानों को किसान सम्मन निधि मिलती है। कहीं कोई कट मनी नहीं लगती है। यह 2014 के बाद का परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि पहले माता-बहनें परेशान रहती थी। शौच के लिए रात होने का इंतजार करती थी। भोर होने से पहले जाती थी। माता बहनों को शौचालय देकर सम्मान देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। मां बहने खाना बनाने में परेशान रहती थी। बारिश में यह बढ़ जाती थी। आंख और फेफड़ों में धुआं जाता था। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्ज्वला का कनेक्शन देकर मां-बहनों को सम्मान देने का काम किया।

राजस्थान के मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद विकास की रफ्तार में तेजी आई। 6 लेन की सड़के बना रही है। रेलवे में भी ऐतिहासिक विकास हुआ है। हर क्षेत्र में विकास हुआ है। अस्पतालों की संख्या बढ़कर पांच गुनी हो गई है। दुनिया के भीतर भारत का सम्मान बढ़ा है। पहले पिछड़ा, दिनहीन भारत का चेहरा विश्व में दिखते थे। आज सारी दुनिया भारत की तरफ हसरत भरी निगाहों से देखती है। रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच में फंसे भारत के नौजवानों को सुरक्षित निकालने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि इस बार राजस्थान में 25 में से 25 सीटें लोकसभा में आ रही है। इस बार झारखंड में भी 14 में से 14 सीटें भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की होने वाली है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने वाली है। भाजपा हमेशा देश की संस्कृति और विचार को लेकर चलती है।

श्री शर्मा ने कहा कि विपक्ष कहता था कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 नहीं हटेगी। खून की नदियां बह जाएगी। जो लोग ऐसा कहते थे, उनको जवाब मिल गया। धारा 370 हटाने के बाद वहां एक कंकड़ भी नहीं फेंका गया। जब हम कहते थे कि रामलला आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। विपक्ष वाले कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। अब भगवान राम का भव्य मंदिर भी बन गया है। विपक्ष ने भगवान राम को काल्पनिक बताने का काम किया। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण भी स्वीकार नहीं किया। जो भगवान राम के नहीं है, तो राम उनके कहां से रहेंगे। झारखंड में आने वाले विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा की सरकार बनेगी।

### राज्य में भाजपा सरकार बनने पर धनबाद से गुंडागर्दी खत्म होगी : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार के चुनाव में पिछली बार की तुलना में अधिक वोट से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। इस गर्मी और विपक्ष के चुनौती को भी स्वीकार करना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहने पर सरहद की सुरक्षा मजबूत हुई।आम लोग भय मुक्त होकर जीवन बसर कर रहे हैं। धनबाद शहर में आज लोग भयभीत हैं। यहां से आए दिन हत्या की खबर आती है। रंगदारी मांगने की खबर आती है। जनता को इतना विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में 6 महीने बाद भाजपा की सरकार बनने पर धनबाद में चल रहा है गुंडागर्दी को रातों-रात से खत्म कर दिया जाएगा। आम जनता के सहयोग से ही यह संभव हो सकेगा। इसकी शुरुआत लोकसभा चुनाव से करनी है। भाजपा की सरकार बनने पर राज्य का विकास होता है जनता का विकास होता है। इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर लोग अपना विकास करते हैं। परिवार का विकास करते हैं। देश के लिए गरीबों के लिए राज्य के विकास के लिए भाजपा को वोट दें। देश में नरेंद्र मोदी को फिर से बनाने के लिए वोट दें।

### नरेंद्र मोदी को देश तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनाना है : अमर बाउरी

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधान सेवक चुनने के लिए मतदान करना है। हर परेशानी को दरकिनार कर शत प्रतिशत मतदान का प्रयोग कर धनबाद से एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाना है। विरोधियों के दांत पहले ही खट्टे थे। जनता ने उनके दांतों को और खट्टा करने का काम किया है। उसके हौसले को पस्त करने का काम किया है।

### प्रधानमंत्री ने सिंदरी खाद कारखाना को पुनर्जीवित करने का ऐतिहासिक काम किया : सुदेश महतो

आजसू पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि विपक्ष की कोई चुनौती यहां नहीं दिख रही है। यह चुनाव पूरे भारत के नेता का चुनाव है। एनडीए के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए धनबाद से ढुल्लू महतो को विजयी बनाना है। विपक्ष के पास नेता का कोई चेहरा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का कोई विकल्प नहीं है। जिस गठबंधन का कोई चेहरा नहीं, तो उसे वोट नहीं। यही मानकर जनता को वोट करना है। देश प्रधानमंत्री चुनने निकला है और प्रधानमंत्री ऐसा चाहिए जो 10 साल से परखा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिंदरी कारखाना को पुनर्जीवित कर ऐतिहासिक काम किया है। आईएसएम को आईआईटी का दर्जा देने का काम किया है।

### ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा : ढुल्लू महतो

प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि एक मजदूर के बेटा को भारतीय जनता पार्टी ने धनबाद से उम्मीदवार बनाया है। जीतने के बाद मैं ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करूंगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक काम को धरती पर उतरने का काम करूंगा। आम जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा।इस अवसर पर धनबाद सांसद पीएन सिंह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक बिरंची नारायण, राज सिन्हा, अपर्णा सेनगुप्ता, लंबोदर महतो, गणेश मिश्रा, सरोज सिंह, सुरेश साव, सत्येंद्र कुमार, रोहित लाल सिंह, श्रवण राय, संजीव अग्रवाल, राजकुमार राज सहित अन्य उपस्थित थे।

## ढुल्लू महतो के नामांकन मे पहुंचे हजारो की संख्या मे कार्यकर्ता

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन मे एकड़ा से भाजपा नेता दिनेश रवानी के नेतृत्व मे सैकडो चार पहिए वाहन के साथ हजारो की संख्या मे कार्यकर्ता ढुल्लू महतो के नामांकन मे पहुंचे वही दिनेश रवानी ने बताया कि झारखण्ड मे ढुल्लू महतो भारी मतो से जितेगें और लोकसभा मे सबसे अधिक मतो से जितने वाली भाजपा के प्रीतमा मुंडे का रिकार्ड भी ढुल्लू महतो तोडेगे इस लोकसभा चुनाव मे आगे इन्होने कहा कि देश मे तीसरी बार मोदी के नेतृत्व मे सरकार बनेगी और भारत आने बाले पांच सालो मे विश्व गुरू बन के रहेगा



## ढुल्लू महतो के नामांकन के लिए हजारों लोग धनबाद गए



(न्यूज़12 भारत)

तिसरा। धनबाद जिला के भाजपा गठबंधन प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नामांकन के लिए तीसरा एवं आसपास के क्षेत्र से हजारों लोग धनबाद गए। हाल ही में झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए भाजपा नेता श्री राम गोराई के नेतृत्व में लोग एम ओ सी पी से धनबाद पहुंचे श्री राम ने बताया कि इस बार प्रधानमंत्री का जो लक्ष्य है 400 पर वह पूरा होगा धनबाद से रिकॉर्ड मतों से ढुल्लू महतो विजय होंगे। उनके साथ रितेश निषाद अनोज गोराई और गोलक मलिक सरवन भुइयां, अजय बाउरी, बाउरी बजरंगी मुकेश आदि थे।

## जीबीएम कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ़ की सेवानिवृत्ति पर विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन

(न्यूज़12 भारत)

गया। गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) जावैद अशरफ़ की सेवानिवृत्ति पर विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ़ को सम्मान सहित पुष्पगुच्छ, सेवानिवृत्ति प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्रम, स्मृति-उपहार आदि प्रदान करके उनके नेतृत्व में महाविद्यालय में प्राप्त खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर कॉलेज के बर्सर डॉ सहदेव बाउरी, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो अफशां सुरैया, संगीत विभागाध्यक्ष डॉ नूतन कुमारी,




नैक समन्वयक डॉ शगुफ्ता अंसारी, अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ पूजा, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ रूही खातून, अध्यक्ष, शिक्षकेतर कर्मी, प्रो. अशरफ़ के पीएचडी शोध छात्र डॉ. पुरुषोत्तम विश्वकर्मा ने प्रो. अशरफ़ के नेतृत्व में प्राप्त कार्यानुभवों को साझा किया। डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने सेवानिवृत्ति प्रशस्ति पत्र पढ़कर शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मी एवं समस्त महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य प्रो जावैद अशरफ़ के सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्यारे माँझी ने किया है।सेवानिवृत्ति-सह-सम्मान समारोह में बोलते हुए प्रधानाचार्य प्रो. अशरफ़ ने कॉलेज की तुलना एक रेलगाड़ी से करते हुए प्रधानाचार्य को इंजन तथा शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मियों को इंजन से संलग्न डब्बा ठहराया। उन्होंने टीम वर्क के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक उपलब्धियों के पीछे उनके नेतृत्व में निष्ठापूर्वक कार्य कर रही पूरी टीम को श्रेय दिया है। अपने शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक तथा प्रशासनिक अनुभवों की चर्चा करते हुए उन्होंने प्राप्त सहयोग और समर्थन हेतु पूरे महाविद्यालय परिवार के प्रति हार्दिक कृतज्ञता जतायी। साथ ही, कॉलेज के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्ति उपरांत भी कॉलेज के हितार्थ यथोपयुक्त सहयोग देते रहने का आश्वासन दिया है। इस कार्यक्रम में डॉ निर्मला कुमारी, डॉ जया चौधरी, डॉ पूजा राय, डॉ अमृता घोष, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ बनीता कुमारी, प्रीति शेखर, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ सुरबाला कृष्णा, दरख्शां परवीन, डॉ दीपशिखा पांडे, शिक्षकेतर कर्मी सुनील कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद, अजय कुमार, विक्रम कुमार, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार, रौशन कुमार, अभिषेक कुमार भोलू, राजेश कुमार, रेणु सिंह, संजू, विवेक, मीरा देवी, तनवीर अली, रंजीत आदि की उपस्थिति रही है। कॉलेज पीआरओ डॉ रश्मि ने बतलाया कि प्रो. जावैद अशरफ़ ने 27 नवंबर 1990 ई. को एस.एम. एस. जी. कॉलेज, शेरघाटी में मनोविज्ञान विभाग में लेक्चरर के रूप में योगदान दिया था। उन्होंने गया कॉलेज में भी लंबी अवधि तक अध्यापन-कार्य किया है। गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में प्रधानाचार्य पद पर प्रो. अशरफ़ दिनांक 01.03.2019 से लेकर दिनांक 30.04.2024 तक कार्यरत रहे।

पेज - एक का शेष

### आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है...

दूसरी और भारतीय जनता पार्टी केवल लोगों की धार्मिक भावनाएं भड़काकर ध्रुवीकरण के आधार पर चुनाव जीतना चाहती है. लेकिन अब ऐसा नहीं चलने वाला।श्री तिर्की ने कहा कि आज से 40 साल पहले दिशुम गुरु शिबू सोरेन ने लोकसभा में आदिवासियों के ऊपर जिस खतरे की आशंका जतायी थी वह आज पूरी तरीके से सही साबित हो रही है और आज न केवल आदिवासियों के जीवन बल्कि, उनकी धर्म-संस्कृति पर भी खतरा है। श्री तिर्की ने कहा कि छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतने के लिये भाजपा ने डीलिस्टिंग की बात जोर-जोर से की तब वहाँ के लोग उन बातों को नहीं समझ सके और अब स्थिति यह है कि छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल की 1 लाख 70 हज़ार हेक्टेयर जमीन पर अब बड़े पूंजीपतियों की नजर है। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण संशोधन कानून के तहत आदिवासियों की परंपरागत ग्राम सभा के अधिकार छीनने के कारण आदिवासियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि 138 साल पुरानी कांग्रेस पार्टी ने देश के लिये न केवल आज़ादी की लड़ाई लड़ी बल्कि उसने देश को संवैधानिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी मजबूत बनाने का काम किया। श्रीमती तिर्की ने कहा कि केन्द्र सरकार आदिवासियों के अधिकारों को छीनने के साथ ही झारखण्ड के हित के खिलाफ भी काम कर रही है। इसके कारण ही उसने 8 लाख प्रधानमंत्री आवास को झारखण्ड की बजाय उत्तर प्रदेश में स्थानांतरित कर दिया। लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने स्तर पर झारखण्ड के गरीब और वंचित ग्रामीणों के हित में 8 लाख अबुआ आवास देने की घोषणा की। श्रीमती तिर्की ने कहा कि आज प्रत्येक लक्षित परिवार को 5 किलोग्राम अनाज, विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन जैसी सभी योजनायें कांग्रेस सरकार की ही देन है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में झारखण्ड कृषि विपणन परिषद के अध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि देश में संविधान रहेगा तभी लोकतंत्र भी रहेगा. लेकिन आज मोदी सरकार अपने अधिकारों का अतिक्रमण करते हुए सभी को तो नुकसान पहुँचा ही रही है पर अब उसके कारण संविधान पर भी खतरा है। श्री सिंह ने सभी लोगों से कहा कि वे कांग्रेस के घोषणा पत्र में कहे गये पाँच न्याय के साथ ही 25 गारंटी पर भी अपना ध्यान केंद्रित करें और तब उन्हें स्वयं ही समझ में आ जायेगा कि लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत को जीत दिलवाना कितना अधिक जरूरी है क्योंकि यह उक्त कांग्रेस प्रत्याशी की बजाय सभी लोगों की जीत होगी।

आज की चुनावी सभा को चान्हो प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, मो. मोज़ीबुल्लाह, बेलस तिर्की, मौलाना कलाम, दिनेश राम, शिव उरांव, अजीत कुमार सिंह, मन्ना उरांव, दिलीप सिंह सुशील मिंज, प्रियंका उरांव, जीवन मिंज, अब्दुल्लाह अंसारी, हफीजुल अंसारी, कुर्बान अंसारी, नूर मोहम्मद, जुल्फिकार अंसारी, जावेद अहमद, चरवा उरांव, अल्फ्रेड मिंज, राम उरांव, सन्नी उरांव, सुजीत शाही, महादेव उरांव, जमील मलिक, सरिता देवी, आलोक मिंज, शशि साहू, दिलीप सिंह, मंगलेश्वर उरांव, सरिता उरांव, आबिद मोहम्मद सहित अनेक कांग्रेस नेताओं ने सम्बोधित किया।

### वादाखिलाफी का चोला ओढ़कर जनता को ठगने भारतीय....

जिसका बदला जनता लोकसभा चुनाव में लेगी और केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी इसलिए आप सभी देवतुल्य मतदाताओं से विनम्र निवेदन है कि सात तारीख को दो नम्बर में पंजा छाप पर बटन दबाकर दुर्ग लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाए।जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राजेंद्र साहू ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है भाजपा जो वादा करती है उससे मुकर जाती है। अगर कांग्रेस पार्टी की केंद्र में सरकार बनी तो पूरे देश के किसानों का कर्जा माफ करेगी जब केंद्र में डॉक्टर मनमोहन सिंह की सरकार थी तब सोने का भाव 28 हजार रुपये तोला था आज 75 हजार रुपये तोला सोना है।छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तब पच्चीस सौ रुपये और छब्बीस सौ रुपये में धान खरीदी की गई बिजली बिल हाफ किया गया और बेरोजगार युवाओं को पच्चीस सौ रुपये बेरोजगारी भत्ता देने का कदम उठाया लेकिन जब भारतीय जनता की सरकार बनी तो युवाओ को मिलने वाला बेरोजगारी भत्ता मिलना बंद हो गया ।

जनसभा में कामता प्रसाद साहू बिहारी साहू, उपेंद्र हंसा,संतोष वर्मा, सीताराम जंघेल, प्रह्लाद यदु, कृष्णा साहू, बबला साहू,गुड्डू जायसवाल,मोहन साहू, सेवाराम साहू, नरेश सिन्हा, गिरधारी साहू, केवल साहू, भीषम पटेल, रामाधीन साहू, रामाधर साहू,चैन पटेल, नरेश साहू, पीलू साहू, परमेश्वर साहू, सविता साहू, विजय साहू,जीवेश जंघेल, योगेश वर्मा,रोशन यदु, बाराती जंघेल, दिनेश सेन, गोविंद जंघेल सहित हजारो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए

### अधिक मजदूर लगाकर सफाई कार्य जल्द सफाई कराएं....

आगे यह भी निर्देश दिया गया की और अधिक मजदूर लगाकर जल्द से जल्द सफाई का कार्य समाप्त करें। बॉटम नाला में कम मजदूर लगाने पर संबंधित जमादार को हटाकर दूसरे को कार्य सौंपने का निर्देश दिया गया है। नाला एवं नाली की सफाई का वार्डवार नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने हेतु तीन जोनल पदाधिकारियों उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक एवं सहायक अभियंता शैलेंद्र सिन्हा की प्रतिनियुक्ति की गई है, जिनके द्वारा अपने अपने जोन में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।इस निरीक्षण के समय नगर प्रबंधक, सहायक लोक स्वच्छता पदाधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई जोनल प्रभारी एवं सफाई पर्यवेक्षक मौजूद थे।